दिनांकः 20.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शेखावाटी क्षेत्र के दौरे के तहत आज झुंझुनूं पहुंचेंगे–विभिन्न स्थानों पर सभाओं को संबोधित करेंगे।
- अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की जयपुर यात्रा को देखते हुए सुरक्षा सहित व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।
- ईस्टर पर्व पर आज गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं।
- प्रदेश में उत्तरी हवाओं के असर से कई शहरों में तापमान में गिरावट–कुछ स्थानों पर हीटवेव का दौर जारी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज झुंझुनूं के मंडावा पहुंचेंगे। तीन दिन के शेखावाटी क्षेत्र के दौरे के तहत दूसरे दिन आज श्री शर्मा कई सभाओं को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री आज शाम पिलानी पहुंचेंगे और कल यमुना जल समझौते की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इस बैठक में हरियाणा सरकार के आला अधिकारी भी शामिल होंगे। और ब्यौरा दे रही हैं समाचार कक्ष से हमारी सहयोगी डॉ. सालेहा गाजी।

000

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस चार दिन की भारत यात्रा पर कल आएंगे। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात के बाद जयपुर पहुंचेंगे। तीन दिवसीय जयपुर प्रवास के दौरान श्री वेंस आमेर महल का दौरा करेंगे और राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाली बिजनेस समिट को भी संबोधित करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति की यात्रा को देखते हुए सुरक्षा सहित सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज कोटा पहुंचेंगे। वे शहर में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। श्री बिरला नयापुरा स्थित खेल परिसर में अंडर ट्वेंटी राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष सामूहिक विवाह सम्मेलनों में भी शामिल होंगे।

000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल आबूरोड आएंगे। वे मानपुर हवाई पट्टी से ब्रह्माकुमारी मुख्यालय शांतिवन पहुंचेंगे, जहां सुरक्षा सेवा प्रभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सेना के जवानों के लिए राष्ट्रीय सेल्फ एम्पॉवरमेंट कैंपेन की शुरूआत करेंगे। इस कैंपेन के तहत देशभर में सेना की 40 डिविजन और 14 कोर में सेल्फ एम्पॉवरमेंट वर्कशॉप और सेमीनार आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा सेना के साथ एक एमओयू भी साइन किया जाएगा। इसका उद्देश्य जवानों का मानसिक और आध्यात्मिक सशक्तिकरण करना है।

000

सिविल सेवा दिवस कल है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में लोक सेवकों को संबोधित करेंगे। श्री मोदी लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए 16 प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। यह पुरस्कार जिलों के समग्र विकास, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम और नवाचार की श्रेणियों में दिए जाएंगे। इधर, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में उत्कृष्ट सेवा देने वाले लोकसेवकों को राजस्थान सम्पर्क पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। लोक सेवा दिवस के उपलक्ष में जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आज से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

000

ईस्टर पर्व आज मनाया जा रहा है। ऐसी मान्यता है कि गुड फ्राइडे पर ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाए जाने के बाद आज ही के दिन उनका पुनर्जन्म हुआ था। इस अवसर पर दुनियाभर के गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं की जा रही हैं।
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ईस्टर की सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि ये पर्व निस्वार्थ प्रेम और सेवा का संदेश देता है। साथ ही जीसस क्राइस्ट के बलिदान, क्षमा और त्याग के मूल्यों की शिक्षा देता है। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मु ने सभी से समाज में शांति को प्रोत्साहन देने का अनुरोध किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि ईस्टर आशा और नएपन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ईसा मसीह की करुणा, क्षमा और सेवा की शाश्वत शिक्षाएं सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

000

अजमेर में नवनिर्मित सेशन कोर्ट भवन का आज लोकार्पण किया जाएगा। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह रावत ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव और उच्च न्यायालय के न्यायाधीश इंद्रजीत सिंह लोकार्पण समारोह में भाग लेंगे। ये भवन संयोगिता नगर में बनाया गया है। नए भवन को लेकर वकीलों में खासा उत्साह है।

000

कृषि अधिकारी भर्ती परीक्षा 2024 आज आयोजित की जाएगी। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से होने वाली ये परीक्षा अजमेर जिला मुख्यालय पर होगी। सुबह 11 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक एक पारी में होने वाली इस परीक्षा के लिए 39 केन्द्र बनाए गए हैं।
आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि ये परीक्षा कृषि अधिकारी के 52 पदों के लिए होगी। उन्होंने बताया कि इस भर्ती परीक्षा के लिए करीब तेरह हजार अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

000

अक्षय तृतीया और पीपलपूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश में बाल विवाहों की आशंका को देखते हुए जागरुकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इनके तहत लोगों को बाल विवाह नहीं करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हमारे भीलवाडा संवाददाता ने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से निगरानी रखी जा रही है।

.............

000

प्रदेश में खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ कल से ग्रीष्मकालीन विशेष अभियान की शुरूआत हुई। 5 मई तक चलने वाले इस अभियान के तहत मिलावट खोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कल पाली में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने पानी पैकेजिंग यूनिट पर कार्रवाई की। और ब्यारौ हमारे संवाददाता से –

..............

000

प्रदेश में उत्तरी हवाओं के कारण कई शहरों में तापमान में गिरावट आई है। हालांकि कुछ स्थानों पर हीटवेव का दौर लगातार जारी है। बीते 24 घंटों में दिन और रात के तापमान में 1 से 6 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। 44 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस के साथ कोटा सबसे गर्म रहा। फलौदी और चूरू में भी दिन का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार मापा गया।
राजधानी जयपुर का अधिकतम तापमान 41 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं धूलभरी आंधी और तेज हवाएं चलने की संभावना हैं।
बारां जिले के शाहबाद कस्बे के आस–पास बीती रात आग लग गई। वन विभाग की टीम आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है। आग गिरी बाबा पहाड़ी क्षेत्र के बड़े भू–भाग में फैली नजर आ रही है।

000